भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4124
24 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

भारतीय तटरक्षक बल का स्थापना दिवस

4124.श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री बिद्युत बरण महतो:
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने हाल ही में अपना 47वां स्थापना दिवस मनाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवसर पर क्या कार्यक्रम आयोजित किए गए और उन पर कितना व्यय किया गया;

(ग) उक्त कार्यक्रमों में कुल कितने प्रतिभागी थे;

(घ) क्या आईसीजी का अपने मौजूदा पोतों और विमानों की संख्या में वृद्धि करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा कितनी धनराशि निर्धारित/स्वीकृत/जारी की गई है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का गठन मूल रूप से 01 फरवरी, 1977 को हुआ और 1978 में भारतीय तटरक्षक बल के संस्थापन और विनियमन के लिए तटरक्षक

अधिनियम लागू किया गया । प्रत्येक वर्ष 01 फरवरी को तटरक्षक स्थापना दिवस मनाया जाता है । इस दिन आईसीजी की उपलब्धियों और योगदान का उल्लेख किया जाता है । संपूर्ण भारत में सभी आईसीजी कर्मी (अफसर, भर्ती कर्मी (ईपी) और सिविलियन) पेंटिंग प्रतियोगिता, ड्रूप्स-गेट-टुगेदर और वॉकाथोन आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित करके तटरक्षक स्थापना बल दिवस मनाते हैं । संपूर्ण भारतीय तटरक्षक बल ने नई दिल्ली में स्थित तटरक्षक बल मुख्यालय और तटरक्षक बल के सभी स्थानों और स्टेशनों पर अपना 47वां स्थापना दिवस मनाया ।

(घ) और (ड.): अपनी आधुनिकीकरण योजना के भाग के रूप में, आईसीजी ने अवसंरचना का विकास किया है और स्वदेशी रूप से निर्मित पोतों, जहाजों, विमानों और उपकरणों को अधिग्रहित किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पूंजीगत बजट आबंटन 3300.00 करोड़ रू. है।

*****